# स्थानीय गैर-सरकारी संगठन **तकनीकी समर्थन कैसे प्राप्त कर सकते हैं?**

GLOBAL NUTRITION CLUSTER
Technical Alliance

इस संक्षिप्त विवरण का उद्देश्य है स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को बताना कि GNC टेक्निकल एलायंस (एलायंस) उनकी तकनीकी ज़रूरतों को कैसे समर्थित कर सकता है और इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु यह वर्णित करता है कि साल 2021 में सोमालिया में अफ़्रीकी रिलीफ़ डिवेलपमेंट इनिशिएटिव को कैसे सहायता प्रदान की गई थी।

*यह संक्षिप्त विवरण को एलायंस के लिए ENN द्वारा एलायंस तकनीकी समर्थन टीम के सदस्यों के साथ मिलकर तैयार किया गया था। हम ARDI के अब्दी मोगे मोहम्मद को एलायंस से समर्थन प्राप्त करने के अपने अनुभव के आधार पर सामग्री प्रदान करने के लिए विशेष धन्यवाद देना चाहते हैं।*

## **एलायंस से** तकनीकी समर्थन के लिए अफ़्रीकन रिलीफ़ डेवलपमेंट इनिशिएटिव का अनुरोध

अफ़्रीकन रिलीफ़ डेवलपमेंट इनिशिएटिव (ARDI) दक्षिणी सोमालिया में संचालन करने वाला गैर-सरकारी, गैर-लाभ और स्वैच्छिक संगठन है। 2018 से, UNICEF के समर्थन से, ARDI ने कुपोषण स्क्रीनिंग, शिशुओं और छोटे बच्चों को दुग्धपान कराने (IYCF) संबंधी परामर्श देने, पानी, स्वच्छता और साफ़-सफ़ाई की गतिविधियों को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य संवर्धन, और माता-से-माता और पिता-से-पिता समर्थन समूहों सहित लघु-स्तर के कई तदर्थ पोषण हस्तक्षेपों को लागू किया है।

2021 के प्रारंभ में ARDI टीम ने एक आंतरिक रिपोर्ट में, पोषण टीम में तकनीकी अंतरालों को दूर करने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार किया – क्षमता आकलन में आपातकालीन विषयगत क्षेत्रों में समूचे पोषण (आपातकालीन स्थितियों में शिशुओं और छोटे बच्चों को दुग्धपान कराने (IYCF-E), पोषण आकलन और निगरानी, गंभीर कुपोषण और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन (SBC)) और साथ ही अन्य गैर-तकनीकी क्षेत्रों (कार्यक्रम प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन और संसाधन जुटाने सहित) संबंधी आवश्यकताओं को दर्शाया। आकलन से पता चला कि 29 कर्मचारियों में से केवल तीन को ही गंभीर कुपोषण के एकीकृत प्रबंधन (IMAM) का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ था।

इसे देखते हुए, ARDI ने शुरू में IMAM प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अपनी टीम की तकनीकी क्षमता को मजबूत करने के लिए ग्लोबल न्यूट्रीशन क्लस्टर टेक्निकल एलायंस (एलायंस) से समर्थन का अनुरोध किया। ARDI को आशा थी कि इस तरह के प्रशिक्षण से न केवल गुणवत्ता के उच्च स्तर तक पोषण हस्तक्षेप करने की उसकी क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि एलायंस से समर्थन प्राप्त होने पर भविष्य में वित्तपोषण और साझेदारियाँ सुनिश्चित करने के लिए संगठन बेहतर स्थिति में भी होगा।

## **एलायंस** क्या है?

एलायंस एक वैश्विक तंत्र है जिसका उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावित और जोखिम में लोगों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुमान योग्य, समयोचित और समन्वित पोषण तकनीकी सहायता प्रदान करना है। एलायंस परामर्शदाताओं और तकनीकी सलाहकारों की व्यापक शृंखला से दूरस्थ समर्थन की पेशकश करके, उपलब्ध दिशानिर्देशों के अभाव में या मौजूदा दिशानिर्देशों को प्रासंगिक बनाने के लिए समर्थन की आवश्यकता होने पर, अंतरिम मार्गदर्शन विकसित करने के लिए कई विषयगत क्षेत्रों में देश-में सलाहकारों का नियोजन और वैश्विक विशेषज्ञों तक पहुँच उपलब्ध करवाकर पोषण प्रेक्टिशनर्स का समर्थन करता है।

## **आप एलायंस से समर्थन** कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

ARDI सामान्य Google खोज के माध्यम से GNC और एलायंस की खोज कर पाया, जिससे वह एलायंस वेबसाइट पर पहुँच गया। वेबसाइट पर मिली सूचना से ARDI को एलायंस के काम को देखने और 'समर्थन के लिए अनुरोध करें' बटन ढूँढ़ने में सफलता मिली, जिसका उपयोग ARDI के सीईओ, अब्दी मोगे मोहम्मद ने तकनीकी समर्थन का अनुरोध करने के लिए किया। उन्हें तकनीकी समर्थन टीम (TST) के सदस्य से तुरंत प्रतिक्रिया प्राप्त हुई और इस बारे में बातचीत शुरू हुई कि एलायंस ARDI का किस तरह सर्वोत्तम समर्थन कर सकता है।

अब्दी ने बताया कि उन्हें शुरू में आश्चर्य हुआ कि एलायंस समर्थन देने में सक्षम है, क्योंकि उन्होंने इससे पहले क्षमता को मजबूत करने और प्रशिक्षण पैकेजों के समर्थन के लिए कई अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों से संपर्क किया था जिसमें उन्हें सफलता नहीं मिली थी।

## एलायंस क्या समर्थन **दे सकता है?**

एलायंस कई क्षेत्रों में तकनीकी समर्थन प्रदान करता है, जिसमें IYCF-E, छोटे और पोषण की दृष्टि से जोखिम वाले शिशुओं और माताओं का प्रबंधन, गंभीर कुपोषण का समुदाय-आधारित प्रबंधन, आकलन और SBC शामिल हैं, लेकिन ये इन तक सीमित नहीं हैं। यह निर्धारित करते समय कि एलायंस संगठनों का किस प्रकार समर्थन कर सकता है, यह अनुरोधकर्ता से उनके कार्यक्रमों और अंतरालों का वर्णन सुनता है और उनकी समर्थन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ तैयार करने के लिए उनके साथ काम करता है।

ARDI के उदाहरण में, इस बारे में बातचीत कि एलायंस किस प्रकार समर्थन कर सकता है, इस तथ्य से आसान हो गई कि ARDI ने पहले ही कर्मचारियों के साथ क्षमता अंतराल विश्लेषण किया था और इस प्रकार उन्हें इसकी अच्छी समझ थी कि उन्हें समर्थन की आवश्यकता कहाँ है। कई स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों की तरह, ARDI की कई आवश्यकताएँ थीं, विशेषकर संस्थागत क्षमता निर्माण के संबंध में और एलायंस ने उन अंतरालों को प्राथमिकता देने के लिए ARDI के साथ मिलकर काम किया जिन पर कार्रवाई की जा सकती थी। यह निर्धारित किया गया कि चरणबद्ध रूप से कार्रवाई की जाएगी, जिससे शुरू में IMAM प्रशिक्षण दिया जाएगा और IYCF पर संभावित अनुवर्ती प्रशिक्षण पर विचार किया जाएगा।

ARDI की कार्यक्रम प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन और संसाधन जुटाने के लिए समर्थन सहित कई गैर-तकनीकी आवश्यकताएं भी थीं। चूँकि एलायंस तकनीकी आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करता है, इसलिए यह इन अनुरोधों पर विचार करने की स्थिति में नहीं था। तथापि, एलायंस के कार्य क्षेत्र और अधिकार क्षेत्र के बाहर की आवश्यकताओं के लिए, एलायंस ने ARDI को समर्थन देने वाली अन्य संस्थाओं के साथ जोड़ा, जैसे सोमालिया में SUN सिविल सोसाइटी नेटवर्क और सोमालिया न्यूट्रीशन क्लस्टर। इन संबंधों से ARDI को उसकी कुछ गैर-तकनीकी आवश्यकताओं में मदद मिलने की उम्मीद है। यद्यपि एलायंस हमेशा सभी अनुरोधों का समर्थन नहीं कर सकता, लेकिन इसका लक्ष्य ऐसे संगठनों के साथ साझेदारी करना है, जो इस तरह के गैर-तकनीकी प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण प्रदान करते हों और जो ऐसा समर्थन प्रदान कर सकते हों।

> 'स्थानीय गैर-सरकारी संगठन ऐसे क्षेत्रों तक पहुँच सकते हैं, जिन तक iNGO नहीं पहुँच सकते, उनके पास स्थानीय समझ होती है, और वे समुदायों के निकट होते हैं। केवल मात्र समस्या यह है कि उनमें कुशलता की कमी होती है और उन्हें कहीं अधिक संसाधनों की आवश्यकता होती है।'
>
> - **अब्दी मोगे मोहम्मद**

## वे कौन-सी कुछ चुनौतियाँ हैं, जिनका स्थानीय गैर-सरकारी संगठन सामना करते हैं और **इन पर काबू पाने के लिए एलायंस कैसे काम करता है?**

आपातकालीन स्थितियों में काम करना अकसर बहुत चुनौतीपूर्ण होता है और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के भीतर काम करने वालों को अनोखी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे समझते हुए, ARDI को दिया गया तकनीकी समर्थन लचीला रखा गया था, उदाहरण के लिए आवश्यकता होने पर प्रशिक्षण के समय को बदलना और प्रशिक्षण के तरीकों को अनुकूल बनाना। चुनौतियों और संदर्भ की अच्छी समझ बनाने के लिए, एलायंस का लक्ष्य स्थानीय, राष्ट्रीय या क्षेत्रीय संदर्भ वाले तकनीकी विशेषज्ञों का उपयोग करना है। ARDI को दिए गए समर्थन के लिए, किसी सोमाली विशेषज्ञ की पहचान करना संभव नहीं था, तथापि युगांडा में स्थित TST की IMAM विशेषज्ञ और सहज रूप से स्वाहिली बोलने वाली मार्था उपलब्ध थी। इससे कुछ भाषायी और सांस्कृतिक विभाजनों को पाटने में मदद मिली।

हालाँकि मार्था स्वाहिली बोलती थीं लेकिन फिर भी कुछ भाषायी अवरोध थे (कई स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के समर्थन को लेकर यह एक संभावित चुनौती थी) और एलायंस ने ARDI टीम के उन सदस्यों को शामिल करके जो अंग्रेजी या स्वाहिली न बोलने वालों के लिए अनुवादकों के रूप में काम कर सकते थे, और ARDI टीम के लिए अधिक सुलभ और प्रासंगिक बनाने के लिए प्रशिक्षण में संशोधन करके इन बाधाओं को दूर करने की कोशिश की। वर्तमान में संसाधनों को यथासंभव अधिक से अधिक भाषाओं में सुलभ बनाना एलायंस के लिए सतत प्राथमिकता है।

COVID-19 महामारी के प्रभावों के कारण, प्रशिक्षण को दूरस्थ रूप से संचालित किया गया और कंप्यूटरों तक पहुँच और इंटरनेट कनेक्टिविटी संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षुओं द्वारा लैपटॉप साझा करके या उधार लेकर इन समस्याओं को कम किया गया और मार्था प्रशिक्षण को उन समयों पर स्थानांतरित करने के संबंध में लचीली थी, जब इंटरनेट कनेक्टिविटी कम चुनौतीपूर्ण होती थी। हालाँकि यह प्रारूप आदर्श नहीं था, इसने दिखाया कि दूरस्थ रूप से प्रशिक्षण आयोजित करना संभव है और भावी समर्थन के लिए सबक सिखाए।

## **वित्तपोषण** के बारे में क्या स्थिति है?

स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को पोषण कार्यक्रमों को लागू करने के लिए धन जुटाने के लिए अक्सर जूझना पड़ता है और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को दिए गए तकनीकी समर्थन का लाभ मिलने की संभावना इसलिए कम होती है कि उन्होंने प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के दौरान जो कुछ सीखा है उसे 'व्यवहार में लाने' में सक्षम नहीं हो पाते हैं। दूसरी ओर, इस बात की संभावना होती है कि बढ़े हुए तकनीकी कौशल और क्षमताएं स्थानीय संगठनों को प्रोग्रामिंग के लिए भविष्य में वित्तपोषण के अवसरों के लिए अधिक आकर्षक बना सकती हैं। स्थानीय संगठनों के लिए समर्थन पैकेज तैयार करते समय, ऐसे पहलुओं पर विचार किया जाता है और हर मामले पर अलग-अलग विचार करके निर्णय लिए जाते हैं।

ARDI के उदाहरण में, यह महसूस किया गया कि इसकी कल्पना और उत्साह को देखते हुए, इसे उपलब्ध वित्तपोषण के पोर्टफ़ोलियो को तकनीकी समर्थन का लाभ मिल सकता है और वह बढ़ सकता है। ARDI ने समर्थन को भविष्य के वित्तपोषण के लिए संभावित उत्प्रेरक के रूप में देखा और इसने संगठन के खुद के कुछ संसाधनों को पेश करके प्रशिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्वेच्छा से भाग लेनेवाले सहभागी सभी प्रशिक्षण सत्रों में भाग लें।

चूँकि एलायंस सभी स्थानीय संगठनों को तकनीकी समर्थन के लिए वित्त प्रदान करने की स्थिति में नहीं है, इसलिए इसे यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि यह अपने संसाधनों का अच्छी तरह से इस्तेमाल कर रहा है। ऐसा करने का एक तरीका स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के संघों के साथ मिलकर और देश-में पोषण समूहों के माध्यम से काम करना है, ताकि एक साथ एक से अधिक संगठनों को व्यापक समर्थन प्रदान किया जा सके।

## **समर्थन प्रदान किए जाने के बाद** क्या होता है?

एलायंस का उद्देश्य आपातकालीन संदर्भों के लिए अस्थायी तकनीकी समर्थन तंत्र बनना है। इसलिए, समर्थन अल्प अवधि (6-8 सप्ताह) का होता है। एलायंस का लक्ष्य प्रशिक्षण और समर्थन के बाद, स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के लिए ऐसी स्थितियां बनाना है कि वे उच्च गुणवत्ता वाले स्तर तक काम कर सकें या अन्य तंत्रों (जैसे SUN सिविल सोसाइटी नेटवर्क्स के माध्यम से)और समर्थन प्राप्त कर सकें। लेकिन इसके बाद, एलायंस समर्थन के बाद संबंध बनाए रखता है और भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं की पहचान होने पर यह सलाह देने के लिए उपलब्ध होता है, हालाँकि इसका लक्ष्य इसे इस रूप में करना है, जिससे स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को खुद अपना समर्थन करने में सक्षम बनाया जा सके।

ARDI के उदाहरण में, प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, कर्मचारी देखभालकर्ताओं और समुदाय के अन्य सदस्यों को कुपोषण उपचार के लिए बच्चों की जाँच करने और उन्हें रैफ़र करने के बारे में प्रशिक्षण देने में सक्षम थे। परिणामस्वरूप, COVID-19 के प्रभावों के बावजूद ARDI द्वारा काम करने वाले क्षेत्रों में उपचार के मामलों में वृद्धि हुई, जबकि अन्य क्षेत्रों में उपचार प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या में कमी होने की सूचना मिली। यह सूचित किया गया कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात की प्रशंसा की कि प्रशिक्षण से व्यापकता बढ़ाने में किस प्रकार मदद मिली है और इसके कारण स्वास्थ्य सुविधाओं में कुपोषित बच्चों को अधिक संख्या में भर्ती किया गया और इसने बच्चों को प्रारंभिक स्थिति में ही प्रस्तुत किए जाने में योगदान किया, जिसका उपचार के परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। समर्थन के माध्यम से, अब्दी मोगे मोहम्मद भी GNC के साथ व्यापक संबंध स्थापित कर पाए और उन्होंने GNC की वार्षिक बैठक में भाग लिया। इस संबद्धता के कारण ARDI को अनेक iNGO के साथ नेटवर्किंग के अवसरों की सुविधा मिली और दूसरों के लिए ARDI के अनुभवों से सीखने के लिए मंच प्रदान किया।

> 'एलायंस द्वारा दिया गया समर्थन हमारी अपेक्षाओं से अधिक था। स्टाफ ने अपने कौशल में सुधार किया और अब समुदाय में कौशल का इस्तेमाल कर रहे हैं। हमें इस तरह का समर्थन पहले कभी नहीं मिला था।'
> - **अब्दी मोगे मोहम्मद**

## **स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को समर्थन देने के मामले में एलायंस** के लिए आगे क्या है?

एलायंस स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को अपनी तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। फ़िलहाल यह गैर-सरकारी संगठनों द्वारा अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रभावी रूप से समर्थन देने के विभिन्न समर्थन पैकेजों और तरीकों की खोज कर रहा है।

ARDI के साथ काम करने के अनुभव से, एलायंस अच्छा भाषा समर्थन खोजने और देश के अंदर के विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर विचार कर रहा है। फ़िलहाल एलायंस ऐसी प्रणालियाँ विकसित करने पर काम कर रहा है, जिनसे यह स्थानीय संसाधनों (परामर्शदाताओं और TST साझेदार स्थानीय कार्यालयों सहित) का कुशल तरीके से लाभ उठा सके। एलायंस अपने काम के पूरक के लिए, उन अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करने के लिए भी उत्सुक है, जो संगठनात्मक क्षमता को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

एलायंस के बारे में अधिक जानने या प्रश्न पूछने या सीधे समर्थन का अनुरोध करने के लिए, कृपया यहाँ क्लिक करें:
https://ta.nutritioncluster.net/request-support
या निम्नलिखित पते पर एलायंस के सदस्य को ईमेल करें:
technicalalliance@nutritioncluster.net